**शीर्ष प्राथमिकता**

**संख्या–1632/सत्तर–3–2022**

**प्रेषक,**

**मोनिका एस0 गर्ग,**
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

1. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2. **निदेशक**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0
प्रयागराज।

3. **विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी,**
राष्ट्रीय सम्पर्क अधिकारी,
उ0प्र0 शासन।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3** **लखनऊ : दिनांक 20 जून, 2022**

**विषयः– अमृत योग सप्ताह (14 जून, 2022 से 20 जून, 2022) एवं अष्टम अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2022 के आयोजन के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक श्री प्रशान्त त्रिवेदी, अपर मुख्य सचिव, आयुष विभाग, उ0प्र0शासन के अर्द्धशा0 पत्र संख्या–26एसीएसए/2022, दिनांक 16.06.2022(छायाप्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। अवगत कराना है कि उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र सं0–1550/सत्तर–3–2022, दिनांक 10 जून, 2022 के द्वारा अमृत योग सप्ताह (14 जून, 2022 से 20 जून, 2022) एवं अष्टम अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2022 तक अमृत योग सप्ताह के अन्तर्गत योग कार्यक्रम विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में आयोजन कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं।

2– उक्त के अनुकम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 21 जून, 2022 को मनाये जा रहे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में अपर मुख्य सचिव आयुष विभाग के पत्र दिनांक 16.06.2022 के साथ संलग्न क्षण प्रतिक्षण कार्यकम के अनुसार राज्य विश्वविद्यालय/निजी विश्वविद्यालय/राजकीय महाविद्यालय/अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय में योग प्रशिक्षक/योग सहायक के नेतृव्य में सामूहिक योगाभ्यास कार्यकम को सम्पन्न कराया जाये। उक्त कार्यकम में एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, भारत स्काउट गाइड एवं इसी प्रकार की अन्य संस्थाओं को भी शामिल किया जाये। अमृत योग सप्ताह एवं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की फोटो एवं प्रतिभागियों की संख्या का विवरण आयुष कवच एप (Ayush Kavach App) अथवा http://ays.ayushkavach.com पर सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूप से अपलोड किया जाये।

3– इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया जाता है कि यदि कही पर योग प्रशिक्षक/योग सहायक उपलब्ध नही है तो कॉमन योग प्रोटोकाल के you tube पर उपलब्ध वीडियो को देखकर अथवा T.V. पर तत्समय प्रसारित होने वाले कार्यकम को देखकर योग कर सकते है।

4– सामूहिक योग कार्यक्रमों में कोविड प्रोटोकाल का पालन अवश्य किया जाये।

**संलग्नक–यथोक्त**

भवदीया,
20/6
**( मोनिका एस0 गर्ग )**
अपर मुख्य सचिव।

Nikhil G.O.

संख्या– 1632 (1)/सत्तर–3–2022–तद्दिनॉक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– निजी सचिव, मा0मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2– निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3– अपर मुख्य सचिव, आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन।
4– निदेशक, आयुष विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0त्तर प्रदेश।
6– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( हरेन्द्र कुमार सिंह )
उप सचिव।

## वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Email:connectpuregistrar@gmail.com
Tel. No.: (05452) 252244
Web: www.vbspu.ac.in

पत्रांक : 2846 / पू.वि.वि. / कु0स0 / 2022 दिनांक : 20 जून, 2022

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वित्तअधिकारी / परीक्षा नियन्त्रक।
2. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / समन्वयक (एन0एस0एस0) / संयोजक, रोवर्स रेंजर्स / शिक्षकगण, परिसर पाठ्यक्रम को इस आशय से कि **उक्त पत्र में दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 21 जून, 2022 को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सम्बन्ध में संलग्न क्षण प्रतिक्षण कार्यक्रम के अनुसार योगाभ्यास कराते हुए सूचना (आयुष कवच ऐप) अथवा (http://ays/ayushkavach.com) पर अपलोड कराने का कष्ट करें।**
3. समस्त प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को इस आशय से कि **उक्त पत्र में दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 21 जून, 2022 को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सम्बन्ध में संलग्न क्षण प्रतिक्षण कार्यक्रम के अनुसार योगाभ्यास कराते हुए सूचना (आयुष कवच ऐप) अथवा (http://ays/ayushkavach.com) पर अपलोड कराने का कष्ट करें।**
4. समस्त सहायक कुलसचिव।
5. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. निजी सहायक, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
7. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

पत्रांक:- 26/[illegible]/2022
दिनांक:- 16/06/2022

**प्रशान्त त्रिवेदी,**
**अपर मुख्य सचिव**

आयुष विभाग,
301, लाल बहादुर शास्त्री भवन,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ–226001
दूरभाष. : (0522) 2235336
ई–मेल : psupayush@gmail.com

अपर मुख्य सचिव कार्यालय
में प्राप्त दिनांक 17/06/22
संख्या 10957/VIP-PSHED/2022

महत्वपूर्ण

प्रिय महोदय,

**अमृत योग सप्ताह (14 जून, 2022 से 20 जून, 2022) एवं अष्टम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2022** के आयोजन के संबंध में आपके द्वारा निर्गत पत्र दिनांक 10 जून, 2022 के कम में अमृत योग सप्ताह के अन्तर्गत **योगा** कार्यक्रम समस्त सरकारी एवं निजी क्षेत्र के महाविद्यालयों में चल रहे होगें।

2. दिनांक 21 जून, 2022 को मनाये जा रहे **अंतराष्ट्रीय योगा दिवस** के संबंध में आज दिनांक 16 जून, 2022 को मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के समक्ष किए गए प्रस्तुतीकरण में दी गई समय–सारिणी के अनुसार (फोटो प्रति सलंग्न) प्रत्येक सरकारी एवं निजी क्षेत्र के महाविद्यालय में योग प्रशिक्षक/योग सहायक के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाये। यह भी अपेक्षा की जाती है कि उक्त कार्यक्रम में एन.सी.सी., एन.एस.एस, भारत स्काउट/गाइड एवं इसी प्रकार की अन्य संस्थाओं को भी शामिल किया जाये। अमृत योग सप्ताह एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की फोटो एवं प्रतिभागियों की संख्या का विवरण **आयुष कवच एप (Ayush Kavach App) अथवा http://ays.ayushkavach.com** पर सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूप से अपलोड किया जाये।

3. यह भी अपेक्षा की जाती है कि यदि कहीं पर योग प्रशिक्षक/योग सहायक उपलब्ध नहीं हैं तो कॉमन योग प्रोटोकाल के youtube पर उपलब्ध वीडियो को देखकर अथवा T.V. पर तत्ससमय प्रसारित होने वाले कार्यक्रम को देखकर योग कर सकते हैं।

4. सामूहिक योगा कार्यक्रमों में 'कोविड प्रोटोकाल' का पालन अवश्य किया जाये।

5. कृपया मा0 मुख्यमंत्री जी की अपेक्षानुसार उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

सलंग्नक:यथोक्त।

भवदीय,
( प्रशान्त त्रिवेदी )

श्रीमती मोनिका एस.गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उ0प्र0शासन।

प्रतिलिपि– श्री संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री,उ0प्र0शासन को सूचनार्थ प्रेषित।

D.S. (H.S.)/80-3
D.S. (KNR) (NSS) /80-7
पत्रावली पर प्रस्तुत करें

17/6/22
विशेष सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन

( मनोज कुमार )
विशेष सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उ० प्र० शासन

आज़ादी का
अमृत महोत्सव

# आठवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**21 जून 2022**

## मानवता के लिए योग

## YOGA FOR HUMANITY

# 3.5 करोड़ लोगों को योग से जोड़ने का लक्ष्य



# कार्ययोजना

- अमृत योग सप्ताह (14 से 20 जून) के कार्यक्रम का शुभारम्भ ।
- 3.5 करोड़ प्रदेशवासियों को योग से जोड़ने का लक्ष्य|
- प्रातः काल योगाभ्यास कार्यक्रम योग प्रोटोकॉल के अनुरूप ।
- कार्यक्रमों का आयोजन ग्राम पंचायत,ब्लाक, तहसील तथा जिले के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर ।
- कार्यक्रमों के आयोजन में कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाय ।
- योगाभ्यास की सूचना फोटो सहित ayush kavach app या https://ays.ayushkavach.com पर प्रतिदिन अपलोड की जाएगी ।



## आयुष मंत्रालय, भारत सरकार

**भारत में 75 ऐतिहासिक स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास का क्षण – प्रतिक्षण कार्यकम**

- प्रातः 5:30 बजे से 6:00 बजे सभा का आयोजन ।
- प्रातः 6:00 बजे से 6:40 बजे माननीय केन्द्रीय मंत्री व अन्य महानुभावों द्वारा स्वागत भाषण ।
- प्रातः 6:40 से 7:00 बजे माननीय प्रधानमंत्री जी का योग दिवस के अवसर पर मैसूर से सम्बोधन ।
- प्रातः 7:00 बजे से 7:45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल (CYP) ।
- प्रातः 7:46 बजे राष्ट्रगान ।
- समस्त कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से किया जायेगा।

# भारत सरकार द्वारा चिन्हित प्रदेश के छः ऐतिहासिक स्थलों में माननीय केन्द्रीय मंत्रीगण की उपस्थिति में सामूहिक योगाभ्यास



श्रीमती अनुप्रिया पटेल



साध्वी निरंजन ज्योति




श्री भूपेंद्र यादव



वाराणसी (सारनाथ)



लखनऊ (रेजिडेन्सी)



अयोध्या




श्री राम दास अठावले




श्री पशुपति कुमार पारस



श्री मुख़्तार अब्बास नकवी



कुशीनगर



हस्तिनापुर (मेरठ)



फतेहपुर सीकरी

06 ऐतिहासिक स्थलों पर माननीय केन्द्रीय मंत्रीगणों की गरिमामय उपस्थिति में आयुष विभाग, उ0प्र0 के समन्वय से निर्धारित योग परिधान पहन कर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन

# प्रदेश के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम




गोरखपुर



राजभवन लखनऊ




प्रयागराज



मथुरा





सीतापुर




वाराणसी




बिठूर (कानपुर)




झाँसी




मिर्जापुर



चित्रकूट



श्रावस्ती




मुज्जफरनगर

# कार्य योजना का क्रियान्वयन

- भारत सरकार द्वारा प्रदेश में चिन्हित 06 ऐतिहासिक स्थलों पर माननीय केन्द्रीय मंत्रीगणों की गरिमामयी उपस्थिति में आयुष विभाग, उ0प्र0 के समन्वय से निर्धारित योग परिधान पहन कर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन (वाराणसी, लखनऊ, अयोध्या, कुशीनगर, आगरा, मेरठ) ।

- प्रदेश के उच्च न्यायालय, जनपद न्यायालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन ।

- प्रदेश के प्रसिद्ध सांस्कृतिक महत्व के स्थानों गोरखपुर, राजभवन लखनऊ, वाराणसी, मथुरा, नैमिषारण्य, विन्ध्याँचल, प्रयागराज, चित्रकूट, बिठूर, झाँसी, श्रावस्ती, मुज़फ्फरनगर एवं अन्य सभी जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के निर्देशानुसार योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन ।

- कार्यक्रम हेतु क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारियों को आवंटित धनराशि का उपभोग जिलाधिकारी के निर्देश/अनुमति से किया जायेगा ।

# प्रदेश स्तर पर उपलब्ध मानव संसाधन

| क्र0 सं0 | संस्था / विभाग | क्र0 सं0 | संस्था / विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | आयुर्वेद चिकित्सक-1600 | 10 | ब्रह्मा कुमारी |
| 2 | योग वैलनेस सेन्टर-390 | 11 | भारतीय योग संस्थान |
| 3 | हेल्थ वैलनेस सेन्टर-800 | 12 | इंटरनेशनल नेचरोपेथी आर्गेनाइजेशनल |
| 4 | निजी/राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय-1000 | 13 | राम कृष्ण मिशन |
| 5 | प0 दीनदयाल उपाध्याय योग संस्थान | 14 | हार्ट फुलनेस फाउंडेशन |
| 6 | पतंजलि योग संस्थान | 15 | ईशा योग संस्थान |
| 7 | गायत्री परिवार | 16 | तत्वमशी |
| 8 | सूर्या इंटरनेशनल फाउंडेशन | 17 | सूर्यांश सेवा संस्थान |
| 9 | आर्ट ऑफ़ लिविंग | 18 | यू.पी. नेचरोपेथी, योग टीचर्स एंड फिजिसियन एसोसिएशन |

# माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा सभी ग्राम पंचायतों को संबोधित पत्र

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

नई दिल्ली
ज्येष्ठ 16, शक संवत् 1944
06 जून, 2022

सरपंच जी,

आशा है आप और आपके क्षेत्र के हमारे सभी भाई-बहन स्वस्थ एवं कुशल से होंगे। देश के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून की आहट हो गई है और हमारे सभी किसान भाई-बहन खेती की तैयारियों में लगे होंगे। मैं अच्छे मॉनसून की कामना के साथ आपके माध्यम से प्रत्येक अन्नदाता को प्रणाम करता हूँ।

**ग्राम स्वराज और गरीब कल्याण**

अभी कुछ दिन पहले केंद्र सरकार ने गांव, गरीब और देश की सेवा में अपने आठ वर्ष पूरे किए हैं। गत आठ वर्षों में देश ने ग्राम स्वराज और पंचायती लोकतन्त्र की दिशा में नए लक्ष्यों को प्राप्त किया है। इस यात्रा में योगदान देने के लिए आपका और हर एक गाँववासी का अभिनन्दन करता हूँ।

**आशा का सामर्थ्य**

हाल में ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत की आशा बहनों को सम्मानित किया है। ये आपके गाँव के लिए भी गर्व की बात है। इस पत्र के माध्यम से मैं आपके गांव में कार्यरत सभी आशा- आंगनवाड़ी और ANM बहनों को भी अपनी शुभकामनाएं भेज रहा हूं।

**मानवता के लिए योग**

कुछ ही दिनों बाद 21 जून को आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आने वाला है। हम सबने देखा है कि किस प्रकार दुनियाभर के देश इस दिवस को उत्साह के साथ मनाते हैं। गत वर्षों में, विश्व के कोने-कोने से, धरती से लेकर आसमान तक, हिमालय से लेकर समुद्र तक, योग की ऐसी-ऐसी तस्वीरें आईं, जो भारतवासियों को गौरवान्वित करने वाली रही हैं।

'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को मजबूती देते हुए योग पूरी मानवता को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। इस बार योग दिवस की थीम भी यही है – 'मानवता के लिए योग'। कोरोना महामारी ने सभी को एहसास कराया है कि हमारे जीवन में स्वास्थ्य का कितना अधिक महत्व है, और योग इसमें कितना बड़ा माध्यम है।

**आठवें योग दिवस को बनाएं ख़ास**

हमारे देश में इस बार अमृत महोत्सव के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होगा। इस अवसर पर कई संगठन और देशवासी अपने-अपने स्तर पर, अपने-अपने क्षेत्र में, कुछ-न-कुछ नया और विशेष करने की तैयारी कर रहे हैं।



मेरा आपसे विनम्र आग्रह है कि इस बार आप भी अपने गांव के सभी लोगों को अभी से योग के लिए प्रेरित करें। योग दिवस के लिए आप अपने क्षेत्र के किसी प्राचीन या पर्यटन स्थल, नदी-झील या तालाब के किनारे को चिह्नित कर सकते हैं। ऐसी जगह का चयन करें, जहां पर सभी लोग इकट्ठे होकर योग कर सकें। आप अपने यहां के आयोजन से जुड़ी तस्वीरों को भी जरूर साझा करें ताकि और लोग भी इससे प्रेरणा लेकर योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए आगे आएं।

**बूंद-बूंद जल का संरक्षण**

मेरा आपसे एक और अनुरोध है। योग दिवस मनाने के साथ-साथ हमें जल संरक्षण की दिशा में भी गाँव के स्तर पर सामूहिक प्रयास जारी रखने हैं। हमें पानी बचाने के साथ-साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपायों से, गाँवों के तालाब, पोखर, कुंड आदि के जरिए वर्षा जल को संरक्षित करना है। इसी उद्देश्य के साथ देश ने आजादी के अमृतकाल में हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने का संकल्प लिया है। इससे लोगों को भी जल मिलेगा, और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

**स्वच्छ भारत की निरंतरता**

इन सब जिम्मेदारियों के बीच हम स्वच्छ भारत अभियान को भी नहीं भूल सकते हैं। स्वच्छ भारत अभियान की निरंतरता को बनाए रखने के लिए आपकी पंचायत और सभी ग्रामवासियों को पूरी गंभीरता से काम करना है।

**शत-प्रतिशत सशक्तिकरण का सामूहिक संकल्प**

देश में गाँव, गरीब और किसान के लिए जो अनेक प्रयास चल रहे हैं, उनका लाभ भी आखिरी पायदान तक आपके योगदान से ही संभव होता है। देश ने जो शत-प्रतिशत सशक्तिकरण का अभियान शुरू किया है, उसमें आपकी बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है। सरकार की योजनाओं के लाभ से कोई छूटे नहीं, इसके लिए आपको भी अपने प्रयासों को गति देनी है। जब गाँव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा, तो गाँव और साथ-ही-साथ पूरा देश समृद्ध होगा।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि पूर्व की भांति ही आपका सक्रिय सहयोग देश को आगे भी मिलता रहेगा और आपकी पंचायत आने वाले दिनों में विकास और सफलता की नयी ऊँचाइयों को हासिल करेगी।

आपको आगामी प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका,

(नरेन्द्र मोदी)

पत्र प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित, कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी ग्रामवासी सामूहिक योगाभ्यास अवश्य करें ।

# विचाराधीन बिंदु

- माननीय मुख्यमंत्री जी का कार्यक्रम स्थल|
- राजभवन में माननीय मंत्रीगणों की उपस्थिति |
- माननीय प्रभारी मंत्रीगणों का कार्यक्रम स्थल|
- अन्य माननीय प्रभारीयों का कार्यक्रम स्थल |

# ❖जनपदवार निर्धारित लक्ष्य एवं आवंटित धनराशि (लाख में)

| क्र. | जनपद | लक्ष्य | धनराशि | क्र. | जनपद | लक्ष्य | धनराशि | क्र. | जनपद | लक्ष्य | धनराशि | क्र. | जनपद | लक्ष्य | धनराशि | क्र. | जनपद | लक्ष्य | धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रयागराज | 9 | 10.00 | 16 | बिजनौर | 6 | 3.00 | 31 | उन्नाव | 5 | 3.00 | 46 | पीलीभीत | 3 | 2.00 | 61 | गौतमबुद्धनगर | 3 | 2.00 |
| 2 | मुरादाबाद | 8 | 5.00 | 17 | बदायू | 6 | 3.00 | 32 | देवरिया | 5 | 3.00 | 47 | झासी | 3 | 2.00 | 62 | कौशाम्बी | 3 | 2.00 |
| 3 | गाजियाबाद | 8 | 5.00 | 18 | वाराणसी | 6 | 150 | 33 | शाहजहापुर | 5 | 3.00 | 48 | चदौली | 3 | 2.00 | 63 | इटावा | 3 | 2.00 |
| 4 | आजमगढ़ | 8 | 5.00 | 19 | अलीगढ़ | 6 | 3.00 | 34 | महाराजगंज | 5 | 3.00 | 49 | संभल | 3 | 2.00 | 64 | भदोही | 3 | 2.00 |
| 5 | लखनऊ | 8 | 10.00 | 20 | गाज़ीपुर | 6 | 3.00 | 35 | फतेहपुर | 5 | 3.00 | 50 | फर्रुखाबाद | 3 | 2.00 | 65 | हाथरस | 3 | 2.00 |
| 6 | कानपुर नग | 8 | 5.00 | 21 | कुशीनगर | 6 | 7.00 | 36 | सिद्धार्थनगर | 4 | 3.00 | 51 | मैनपुरी | 3 | 2.00 | 66 | कासगज | 2 | 2.00 |
| 7 | जौनपुर | 8 | 5.00 | 22 | बुलदशहर | 6 | 3.00 | 37 | मथुरा | 4 | 10.00 | 52 | सोनभद्र | 3 | 2.00 | 67 | औरैया | 2 | 2.00 |
| 8 | सीतापुर | 8 | 5.00 | 23 | बहराइच | 6 | 3.00 | 38 | फिरोजाबाद | 4 | 3.00 | 53 | अमरोहा | 3 | 2.00 | 68 | बागपत | 2 | 2.00 |
| 9 | बरेली | 8 | 5.00 | 24 | सहारनपुर | 6 | 3.00 | 39 | मिर्जापुर | 4 | 5.00 | 54 | बांदा | 3 | 2.00 | 69 | ललितपुर | 2 | 2.00 |
| 10 | गोरखपुर | 8 | 50.00 | 25 | मेरठ | 6 | 0.00 | 40 | अयोध्या | 4 | 0.00 | 55 | अमेठी | 3 | 2.00 | 70 | शामली | 2 | 2.00 |
| 11 | आगरा | 8 | 0.00 | 26 | गोंडा | 6 | 3.00 | 41 | बस्ती | 4 | 3.00 | 56 | कानपुर देह | 3 | 2.00 | 71 | श्रावस्ती | 2 | 2.00 |
| 12 | मुजफ्फर नग | 7 | 5.00 | 27 | रायबरेली | 6 | 3.00 | 42 | अम्बेडकरनग | 4 | 3.00 | 57 | एटा | 3 | 2.00 | 72 | हमीरपुर | 2 | 2.00 |
| 13 | हरदोई | 7 | 5.00 | 28 | बाराबंकी | 6 | 3.00 | 43 | रामपुर | 4 | 3.00 | 58 | संत कबीर | 3 | 2.00 | 73 | चित्रकूट | 2 | 2.00 |
| 14 | लखीमपुर खी | 7 | 5.00 | 29 | बलिया | 6 | 3.00 | 44 | मऊ | 4 | 3.00 | 59 | जालौन | 3 | 2.00 | 74 | महोबा | 2 | 2.00 |
| 15 | सुल्तानपुर | 6 | 5.00 | 30 | प्रतापगढ़ | 5 | 3.00 | 45 | बलरामपुर | 4 | 3.00 | 60 | कन्नौज | 3 | 2.00 | 75 | हापुड़ | 2 | 2.00 |

नोट : जनपदवार आवंटित धनराशियों का व्यय संबंधित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारीयों द्वारा जिलाधिकारी की सहमती से किया जायेगा

# धन्यवाद